>

Title: Regarding cleaning of river Vanganga in Maharashtra.

श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान महाराष्ट्र में भन्डारा, जहां वेनगंगा नदी बहती है, के कारण बढ़ते हुए प्रदूषण की ओर आकर्षित करना चाहता हूं ।

हाल ही में मार्च 2019 में ही सैंट्रल पॉल्यूशन बोर्ड ने सर्वेक्षण किया, इसमें 53 नदियां महाराष्ट्र में दूषित पाई गईं । इसमें वेनगंगा नदी भी शामिल है । इस नदी में नागपुर की ओर से सीवेज वाटर, एनटीपीसी और अन्य उद्योगों से इंडस्ट्रियल वाटर मिलता है । इस कारण नदी का काफी पानी प्रदूषित होता है । दूषित पानी में ऑक्सीजन की मात्रा की कमी हो जाती है । नदी किनारे भन्डारा और अन्य शहरों में बसने वाले गांवों में यही पानी पीने के लिए यूज़ होता है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि नदी को दूषित करने वाले स्रोतों को कम किया जाए । यहां भारी मात्रा में आयरन का उत्खनन होता है, उसमें भी कमी लाई जाए ।

माननीय अध्यक्ष: श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले और श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री सुनील बाबूराव मेंढे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।